अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 13 मार्च 2023

PAGE NO, 05,MIDDLE

मधुमेह होने पर किडनी की जांच कराने का दिया सुझाव

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में चल रही पहली नेफ्रोकॉन कॉन्फ्रेंस का रविवार को समापन हुआ। आखिरी पेपर प्रेजेंटेशन के साथ साइंटिफिक कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने गुर्दा रोग से संबंधित विषयों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मधुमेह होने पर किडनी की देखभाल, जांच कराने का सुझाव दिया। इस दौरान पेपर, पोस्टर और अन्य बेहतर प्रस्तुतियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

समापन पर पेपर प्रेजेंटेशन में एसआरएमएस के डॉ. अनुभव को पहला और जसलीन को दूसरा स्थान मिला। पोस्टर प्रेजेंटेशन में पहला स्थान संयुक्त रूप से एसआरएमएस

एसआरएमएस में कॉन्फ्रेंस के समापन पर मौजूद विशेषज्ञ। विज्ञप्ति

मेडिकल कॉलेज की डॉ. सृष्टि वाधवा और डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव को मिला। शनिवार को उद्घाटन बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने किया था। साइंटिफिक प्रेजेंटेशन में दिल्ली के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित पुर्सनानी, केजीएमयू लखनऊ के विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्य कुमार, एम्स नई दिल्ली के डॉ. संदीप महाजन आदि ने व्याख्यान दिया। आर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. स्मिता गुप्ता, डॉ. संजय कुमार, डॉ. विद्यानंद, डॉ. ललित सिंह, डॉ. रोहित टंडन आदि मौजूद रहे।